निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

13 आश्विन 1933 (श0)

संख्या 40 पटना, बुधवार, ——————

5 अक्तूबर 2011 (ई0)

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग-1—नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य व्यक्तिगत सूचनाएं।	2-10
भाग-1-क—स्वयंसेवक गुल्मों के समादेष्टाओं के आदेश।	---
भाग-1-ख—मैट्रीकुलेशन, आई0ए0, आई0एससी0, बी0ए0, बी0एससी0, एम0ए0, एम0एससी0, लॉ भाग-1 और 2, एम0बी0बी0एस0, बी0एस0ई0, डीप0-इन-एड0, एम0एस0 और मुख्तारी परीक्षाओं के परीक्षा-फल, कार्यक्रम, छात्रवृत्ति प्रदान, आदि।	---
भाग-1-ग—शिक्षा संबंधी सूचनाएं, परीक्षाफल आदि	---
भाग-2—बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।	11-24
भाग-3—भारत सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार और उच्च न्यायालय के आदेश, अधिसूचनाएं और नियम, 'भारत गजट' और राज्य गजटों के उद्धरण।	---
भाग-4—बिहार अधिनियम	---
भाग-5—बिहार विधान मंडल में पुर:स्थापित विधेयक, उक्त विधान मंडल में उपस्थापित या उपस्थापित किये जानेवाले प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और उक्त विधान मंडल में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-7—संसद के अधिनियम जिनपर राष्ट्रपति की ज्येष्ठअनुमति मिल चुकी है।	---
भाग-8—भारत की संसद में पुर:स्थापित विधेयक, संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में उपस्थापित प्रवर समितियों के प्रतिवेदन और संसद में पुर:स्थापन के पूर्व प्रकाशित विधेयक।	---
भाग-9—विज्ञापन	---
भाग-9-क—वन विभाग की नीलामी संबंधी सूचनाएं	---
भाग-9-ख—निविदा सूचनाएं, परिवहन सूचनाएं, न्यायालय सूचनाएं और सर्वसाधारण सूचनाएं इत्यादि।	25-34
पूरक	---
पूरक-क	35-39

भाग-1

नियुक्ति, पदस्थापन, बदली, शक्ति, छुट्टी और अन्य वैयक्तिक सूचनाएं

निगरानी विभाग

अधिसूचना
27 सितम्बर 2011

सं० नि०वि०स्था०–02/11–**5683**–**अनु०—**पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अधिसूचना संख्या 841, दिनांक 20 जनवरी 2011 के द्वारा श्री रंजन कुमार (660), अधीक्षण अभियंता की सेवाएँ भवन निर्माण विभाग, बिहार ,पटना से वापस लेते हुए निगरानी विभाग, तकनीकी परीक्षक कोषांग, पटना में अधीक्षण अभियंता के पद पर पदस्थापनार्थ सेवा हेतु सौंपी गयी है, को प्रभार ग्रहण की तिथि से निगरानी विभाग, तकनीकी परीक्षक कोषांग, पटना में पदस्थापित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
सतीश प्रसाद, संयुक्त सचिव।

वाणिज्य–कर विभाग

अधिसूचनाएं
22 जुलाई 2011

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3014/वा0 क0–श्री प्रधान नरेश कुमार लाल, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त(प्रभारी), पटना मध्य अंचल, पटना के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3015/वा0 क0–श्री गुप्तेश्वर प्रसाद, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, मुख्यालय अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (प्रभारी), मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल, मुजफ्फरपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3016/वा0 क0–श्री शम्भु कुमार सिंह, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, अंकेक्षण, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, भागलपुर अंचल, भागलपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3017/वा0 क0–श्री कमल कान्त चौधरी, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, अंकेक्षण, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, मुजफ्फरपुर पूर्वी अंचल, मुजफ्फरपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3018/वा0 क0–श्री अशेष कुमार चौधरी, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, मुख्यालय अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, भागलपुर अंचल, भागलपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3019/वा0 क0–श्री शशि शेखर सिंह, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, पटना मध्य अंचल, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, सीवान अंचल, सीवान के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3020/वा0 क0–श्रीमती उर्मिला कुमारी, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, पटना उत्तरी अंचल, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (प्रभारी), जहानाबाद अंचल, जहानाबाद के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3021/वा0 क0–श्री प्रमोद कुमार, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, पूर्वी एवं पश्चिमी प्रमंडल, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त(प्रभारी), सीतामढ़ी अंचल, सीतामढ़ी के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3022/वा0 क0–श्री राधा मोहन राय, बि0वि0से0, सम्प्रति कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार सिंचाई भवन, पटना जिनकी सेवा वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या–5796, दिनांक 29 जून 2011 द्वारा वापस की गयी है को अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, अन्वेषण ब्यूरो, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3023/वा0 क0–श्री रामबरत रजक, बि0वि0से0, सम्प्रति कोषागार पदाधिकारी, औरंगाबाद जिनकी सेवा वित्त विभाग की अधिसूचना संख्या–5794, दिनांक 29 जून 2011 द्वारा वापस की गयी है को अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, भभुआ अंचल, भभुआ के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3024/वा0 क0–श्री रमेश कुमार दास, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, तेघड़ा अंचल, तेघड़ा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, औरंगाबाद अंचल, औरंगाबाद के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3025/वा0 क0–श्री अजिताभ मिश्र, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, पाटलिपुत्र अंचल, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, शाहाबाद अंचल, आरा के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3026/वा0 क0–श्री सिरिल बेक, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, दक्षिणी अंचल, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, गोपालगंज अंचल, गोपालगंज के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3027/वा0 क0–श्री संजय कुमार प्रसाद, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, पटना सिटी पूर्वी अंचल, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, जहानाबाद अंचल, जहानाबाद के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3028/वा0 क0–श्री विजय कुमार, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, गया अंचल, गया को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, नवादा अंचल, नवादा के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3029/वा0 क0–श्री मंकेश्वर शर्मा, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, तेघड़ा अंचल, तेघड़ा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, समस्तीपुर अंचल, समस्तीपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3030/वा0 क0–श्री विजय कुमार, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, मुख्यालय अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, पूर्णियॉ अंचल, पूर्णियॉ के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3031/वा0 क0–श्री विपिन कुमार सिंह, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (प्रभारी), लखीसराय अंचल, लखीसराय को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (प्रभारी), समस्तीपुर अंचल, समस्तीपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3032/वा0 क0–श्री प्रभात कुमार वर्मा, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, लखीसराय अंचल, लखीसराय को अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (प्रभारी), लखीसराय अंचल, लखीसराय के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3033/वा0 क0–श्री निरंजन कुमार सिन्हा, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, खगड़िया अंचल, खगड़िया को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, अन्वेषण ब्यूरो, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3034/वा0 क0–श्री राजीव रंजन, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, अंकेक्षण, पटना जिन्हें विभागीय अधिसूचना संख्या–2578, दिनांक 29 जून 2011 द्वारा वाणिज्य–कर पदाधिकारी, बाढ़ अंचल, बाढ़ के पद पर नियुक्त किया गया था, को रद्द करते हुए इन्हें अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, पटना सिटी पश्चिमी अंचल, पटना के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3035/वा0 क0–श्री अजित कुमार, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर पदाधिकारी, शाहाबाद अंचल, आरा को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर पदाधिकारी, बेगूसराय अंचल, बेगूसराय के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3036/वा0 क0–श्री विश्वनाथ गुप्ता, बि0वि0से0 जिन्हें विभागीय अधिसूचना संख्या–2558, दिनांक 29 जून 2011 द्वारा वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त (प्रभारी), समस्तीपुर अंचल, समस्तीपुर के पद पर नियुक्त किया गया था, में संशोधन करते हुए इन्हें अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, समस्तीपुर अंचल, समस्तीपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–01/2010–3037/वा0 क0–श्री ओम प्रकाश झा, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर उपायुक्त (प्रभारी), मुजफ्फरपुर पश्चिमी अंचल, मुजफ्फरपुर को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए उनकी सेवाऍ वित्त विभाग, बिहार, पटना को सौंपी जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मोहम्मद शमीम, उप–सचिव।

26 जुलाई 2011

संख्या 6/गो0 34–12/2007–3127/वा0 क0–श्री जवाहर चौधरी, बि0वि0से0, वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अंकेक्षण), भागलपुर को अपने कार्यों के अतिरिक्त अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अपील), तिरहुत एवं सारण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–12/2007–3128/वा0 क0–श्री तपन कुमार चक्रवर्त्ती, बि0वि0से0, वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अंकेक्षण), मुजफ्फरपुर को अपने कार्यों के अतिरिक्त अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अपील), केन्द्रीय प्रमंडल, पटना के पद पर नियुक्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मोहम्मद शमीम, उप–सचिव।

---

24 अगस्त 2011

संख्या 6/सं0–4–01/2008–3614/(वा0 क0)–बिहार वित्त सेवा के अधोलिखित पदाधिकारियों को वाणिज्य–कर पदाधिकारी (वेतनमान् 9,300–34,800+ग्रेड पे 5,400 रू0) के पद पर उनके नाम के सामने कॉलम–5 में अंकित तिथि से सेवा सम्पुष्ट किया जाता है :–

क्र0	पदाधिकारी का नाम	मूल वरीयता क्रमांक(2010)	वर्त्तमान पदस्थापन	सम्पुष्टि की तिथि
1	2	3	4	5
1.	श्री अरविन्द झा	150	वाणिज्य–कर पदाधिकारी, पटना मध्य अंचल, पटना	10.07.10
2.	श्री संजय कुमार वर्मा	294	वाणिज्य–कर पदाधिकारी, तेघड़ा अंचल, तेघड़ा	04.11.10
3.	श्री राजेश कुमार सिन्हा	299	वाणिज्य–कर पदाधिकारी, बाढ अंचल, बाढ	01.04.11
4.	श्री अशर्फी लाल विद्यार्थी	305	वाणिज्य–कर पदाधिकारी, कटिहार अंचल, कटिहार	21.06.09
5.	श्री दिनेश प्रसाद सिंह	308	वाणिज्य–कर पदाधिकारी, बक्सर अंचल, बक्सर	25.01.10
6.	श्री महंथ बैठा	306	वाणिज्य–कर पदाधिकारी, जमुई अंचल, जमुई	01.04.11
7.	श्री कृष्णकांत यादवेन्दु	302	वाणिज्य–कर पदाधिकारी, बिहारशरीफ अंचल, बिहाशरीफ।	01.04.11

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मोहम्मद शमीम, उप–सचिव।

---

2 सितम्बर 2011

संख्या 6/प्रो0–6–003/1995(खण्ड–3)–3748/वा0 क0–बिहार वित्त सेवा के निम्नांकित पदाधिकारियों को वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (वेतनमान् रू0 37,400–67,000+ग्रेड पे रू0 8,700) कोटि से वाणिज्य–कर अपर आयुक्त (वेतनमान् रु0 37,400–67,000+ग्रेड पे रु0 8,900) कोटि में अधिसूचना निर्गमन की तिथि से नियमित प्रोन्नति दी जाती है:–

क्र0	पदाधिकारी का नाम	मूल कोटि क्रमांक	वर्त्तमान पदस्थापन	आरक्षण कोटि
1.	श्री शत्रुघ्न सिंह	11	वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (प्र0), मगध प्रमंडल, गया।	सामान्य
2.	श्री जवाहर चौधरी	12	वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अंकेक्षण), भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर।	अनु0 जाति

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मोहम्मद शमीम, उप–सचिव।

5 सितम्बर 2011

संख्या 6/नि0/प्रति नि0–01–01/2011– 3798 वा0 क0–श्री प्रकाश चन्द्र वर्मा, बि0वि0से0, सम्प्रति वाणिज्य–कर उपायुक्त, अन्वेषण ब्यूरो, तिरहुत एवं सारण प्रमण्डल, मुजफ्फरपुर को स्थानान्तरित करते हुए अगले आदेश तक के लिए उनकी सेवाएँ परिवहन विभाग, बिहार, पटना के अन्तर्गत बिहार राज्य पथ परिवहन निगम में वित्तीय सलाहकार –सह–मुख्य लेखा पदाधिकारी के पद पर पदस्थापन हेतु सौंपी जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मोहम्मद शमीम, उप–सचिव।

---

13 सितम्बर 2011

संख्या 6/गो0 34–12/2007–3957/वा0 क0–श्री जवाहर चौधरी, बि0वि0से0, नवप्रोन्नत वाणिज्य–कर अपर आयुक्त को अगले आदेश तक के लिए सदस्य (विभागीय), वाणिज्य–कर न्यायाधिकरण, बिहार, पटना के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–12/2007–3958/वा0 क0–श्री शत्रुध्न सिंह, बि0वि0से0, नवप्रोन्नत वाणिज्य–कर अपर आयुक्त को अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर अपर आयुक्त (मुख्यालय) बिहार, पटना के पद पर नियुक्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मोहम्मद शमीम, उप–सचिव।

---

13 सितम्बर 2011

संख्या 6/गो0 34–12/2007–3959/वा0 क0–श्री पवन कुमार, बि0वि0से0 वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अपील) दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा को अगले आदेश तक के लिए अपने कार्यो के अतिरिक्त वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अपील) तिरहुत एवं सारण प्रमंडल, मुजफ्फरपुर के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–12/2007–3960/वा0 क0–श्री तपन कुमार चक्रवर्त्ती, बि0वि0से0, वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अंकेक्षण), मुजफ्फरपुर को अपने कार्यों के अतिरिक्त अगले आदेश तक के लिए वाणिज्य–कर संयुक्त आयुक्त (अंकेक्षण), भागलपुर, के पद पर नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–12/2007–3961/वा0 क0–श्री सदरूल ओला खाँ, बि0वि0से0, वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, पटना उतरी अंचल, पटना को अपने कार्यो के अतिरिक्त अगले आदेश तक के लिए केन्द्रीयकृत निबंधन इकाई, कौटिल्य भवन, पटना में नियुक्त किया जाता है।

संख्या 6/गो0 34–12/2007–3962/वा0 क0–श्रीमती सुनीता कुमारी, बि0वि0से0, वाणिज्य–कर सहायक आयुक्त, गांधी मैदान अंचल, पटना को अपने कार्यो के अतिरिक्त अगले आदेश तक के लिए केन्द्रीयकृत निबंधन इकाई, कौटिल्य भवन, पटना में नियुक्त किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
मोहम्मद शमीम, उप–सचिव।

सहकारिता विभाग

अधिसूचनाएं

5 अगस्त 2011

सं॰ 01/रा॰स्था॰–बि॰स॰से॰–पद॰–14/2007–3569—श्री दीनानाथ मिश्र, जिला सहकारिता पदाधिकारी, मधेपुरा (अतिरिक्त प्रभार सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ मधेपुरा एवं उदाकिशुनगंज) के दिनांक 31 जुलाई 2011 के अपराह्न से ऐच्छिक सेवा निवृत्ति के फलस्वरुप अगले आदेश तक जिला सहकारिता पदाधिकारी, मधेपुरा, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, मधेपुरा एवं उदाकिशनगंज का अतिरिक्त प्रभार श्री अरविन्द कुमार पासवान, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, वीरपुर को प्रभार ग्रहण की तिथि से सौंपा जाता है ।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कौशल किशोर मिश्र, अवर सचिव ।

---

5 अगस्त 2011

सं॰ 01/रा॰स्था॰– बि॰स॰से॰–पद॰–14/2007–3568—श्री सूर्यदेव मेहता, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, तिरहुत प्रमंडल, मुजफ्फरपुर एवं अतिरिक्त प्रभार संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, सारण प्रमंडल, छपरा के दिनांक 31 जुलाई 2011 के अपराहन से सेवा–निवृत हो जाने के फलस्वरूप अगले आदेश तक संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, तिरहुत प्रमंडल, मुजफफरपुर एवं संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, सारण प्रमंडल, छपरा का अतिरिक्त प्रभार श्री जमाल

जावेद आलम, संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा (कार्यकारी) को प्रभार ग्रहण की तिथि से सौंपा जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कौशल किशोर मिश्र, अवर सचिव ।

---

1 अगस्त 2011

संख्या 1/रा0स्था0(3)बि0स0से0–11/2011–3491—श्री दीनानाथ मिश्र, जिला सहकारिता पदाधिकारी, मधेपुरा को उनके आवेदन दिनांक 29 जनवरी 2011 पर सम्यक विचारोपरांत बिहार सेवा संहिता के नियम–74 में निहित प्रावधान के आलोक में दिनांक 31 जुलाई 2011 (अपराह्न) के प्रभाव से ऐच्छिक सेवा निवृत्ति की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
गुप्तेश्वर प्रसाद, उप–सचिव ।

---

14 सितम्बर 2011

संख्या 01/रा0स्था0(वि0स0से0)पदस्था0–14/2007–4198—श्री चन्द्रकांत झा (सहकारिता प्रसार पदाधिकारी) कार्यकारी सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, रोसड़ा के दिनांक 30 अप्रील 2011 के अपराह्न से सेवा निवृत्त हो जाने के फलस्वरूप अगले आदेश तक सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, रोसड़ा का अतिरिक्त प्रभार श्रीमती शशिवाला रावल, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, दलसिंहसराय को प्रभार ग्रहण की तिथि से सौंपा जाता है।

संख्या 01/रा0स्था0(वि0स0से0)पदस्था0–14/2007–4199—श्री मनुजेश्वर शर्मा, (सहकारिता प्रसार पदाधिकारी) सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ (कार्यकारी) विक्रमगंज के दिनांक 31 जुलाई 2011 के अपराह्न से सेवानिवृत्त हो जाने के फलस्वरूप अगले आदेश तक सहयक निबंधक, सहयोग समितियाँ, विक्रमगंज का अतिरिक्त प्रभार श्री निकेश कुमार, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, सासाराम को प्रभार ग्रहण की तिथि से सौंपा जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
ललन राय,
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–सरकार के उप–सचिव।

---

1 सितम्बर 2011

संख्या 1/सह–वि॰प्र॰से॰राज॰स्था॰ 11/2011–3987—श्री ललन राय, विशेष कार्य पदाधिकारी –सह–उप–सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना को अपनी चिकित्सा हेतु बिहार सेवा संहिता के नियम 233, 234 के तहत दिनांक 25 जुलाई 2011 से 9 अगस्त 2011 तक कुल सोलह दिनों का रूपांतरित अवकाश 32 (बत्तीस) दिनों के अर्द्धवैतनिक अवकाश के समतुल्य पूर्ण मासिक वेतन पर स्वीकृत किया जाता है ।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
गुप्तेश्वर प्रसाद, उप–सचिव ।

---

26 अगस्त 2011

सं॰ 01/स्था॰ बि॰स॰से॰पद॰14/2007–3909—श्री अंजुम हसन अंसारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, खगड़िया (अतिरिक्त प्रभार सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, खगड़िया एवं महाप्रबंधक, आई0सी0डी0पी0,खगड़िया) को दिनांक 24 अगस्त 2011 को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, बिहार, पटना के धावा दल के द्वारा रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने के फलस्वरुप –जिला सहकारिता पदाधिकारी,खगड़िया, सहायक निबंधक, सहयोग समितियाँ, खगड़िया एवं महाप्रबंधक, आई0सी0डी0पी0, खगड़िया के रिक्त पदों का अतिरिक्त प्रभार अगले आदेश तक श्री प्रभात कुमार, प्रबंध निदेशक, सेन्ट्रल कॉआपरेटिव बैंक लि0, खगड़िया को प्रभार ग्रहण की तिथि से सौंपा जाता है ।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
ललन राय,
विशेष कार्य पदाधिकारी
–सह–सरकार के उप–सचिव।

---

21 सितम्बर 2011

संख्या 6/पणन(स॰)–143/2010–4319—श्री लियान कुंगा (भा॰प्र॰से॰), विशेष सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना जो सम्प्रति बिहार राज्य भंडार निगम के प्रबंध निदेशक के अतिरिक्त प्रभार में है, के स्थान पर श्री परशुराम मिश्रा

(बि॰प्र॰से॰) अपर सचिव –सह– अपर निबंधक, सहयोग समितियाँ (मु॰), बिहार, पटना को कार्यकारी व्यवस्था के तहत अपने कार्यों के अतिरिक्त प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भंडार निगम, पटना के पद पर अतिरिक्त प्रभार में अगले आदेश तक पदस्थापित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
गुप्तेश्वर प्रसाद, उप–सचिव ।

बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

अधिसूचना
30 सितम्बर 2011

संख्या नि॰प्रा॰/नि॰ 6-01/2010/9076—समादेश याचिका संख्या 18827/2008-मनोहर सिंह बनाम बिहार राज्य एवं अन्य में दिनांक 7 दिसम्बर 2010 को माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुसार तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रबंधक कमिटी का चुनाव बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा कराया जाना है। सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के अधिसूचना ज्ञापांक-3/एम॰-59/2010-2025, दिनांक 25 मई 2010 द्वारा तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रबंधक कमिटी का चुनाव कराने का दायित्व बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार को सौंपा गया है।

2. बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार अधिनियम, 2008 की धारा-4 की उप-धारा-1 द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अधीन अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी को उक्त प्रबंधक कमिटी के निम्नलिखित निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन के निमित्त निर्वाची पदाधिकारी (Returning Officer) के रूप में नियुक्त किया जाता है :-

(i) निर्वाचन क्षेत्र संख्या 1
(ii) निर्वाचन क्षेत्र संख्या 2
(iii) निर्वाचन क्षेत्र संख्या 3
(iv) उत्तर बिहार के सिंह सभा निर्वाचन क्षेत्र
(v) दक्षिण बिहार के सिंह सभा निर्वाचन क्षेत्र

3. इसके अतिरिक्त अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी प्राधिकार के अधिसूचना संख्या 6294, दिनांक 8 अप्रील 2011 के आलोक में उप जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रूप में जिला पदाधिकारी-सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी को आवश्यक सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

4. निर्वाची पदाधिकारी (Returning Officer) बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशन एवं नियंत्रण में तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के प्रबंधक कमिटी के ऊपर वर्णित निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन संबंधी कार्य करेंगे।

आदेश से,
एन॰ एस॰ माधवन,
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

नगर विकास एवं आवास विभाग

अधिसूचना
23 सितम्बर 2011

सं0 1/स्था0/वि0वि0–31/2011–**5361**—न0वि0एवंआ0वि0—बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा–41 के अध्यधीन निम्नांकित पदाधिकारियों को अपने कार्यों के अतिरिक्त उनके नाम के सामने कॉलम–(3) में अंकित पद एवं स्थान पर प्रभार ग्रहण करने की तिथि से अगले आदेश तक कार्य के लिये प्राधिकृत किया जाता है :–

क्रम सं0	पदाधिकारी का नाम/पदनाम	नगर निकाय का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3	4
1.	श्री राबर्द्धन, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बेगुसराय	नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बीहट	

क्रम सं0	पदाधिकारी का नाम/पदनाम	नगर निकाय का नाम	अभ्युक्ति
1	2	3	4
2.	श्री प्रभात चन्द्र, भूमि सुधार उप–समाहर्त्ता, बलिया	नगर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, बलिया	

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह0)–अस्पष्ट, उप–सचिव।

गृह (विशेष) विभाग

अधिसूचना
21 सितम्बर 2011

सं० एल०/एच०जी०–1501/2005(पार्ट)–13890—बिहार गृह रक्षा वाहिनी में सीधी नियुक्ति से आये जिला समादेष्टाओं में से निम्नांकित 3(तीन) जिला समादेष्टा, जो उक्त पद पर निर्वाद्ध 10(दस) वर्षों की सेवा पूरी कर चुके हैं, को रूपान्तरित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना 2010 के तहत प्रथम वित्तीय उन्नयन की स्वीकृति नाम के सामने स्तम्भ–(4) में अंकित तिथि से स्तम्भ–(5) में अंकित बैण्ड वेतन+ग्रेड वेतन में प्रदान की जाती है :-

क्रम सं०	नाम/पदनाम/ बैण्ड वेतन+ग्रेड वेतन	जिला समादेष्टा के पद पर योगदान की तिथि	प्रथम रूपान्तरित वित्तीय उन्नयन की देय तिथि	देय वित्तीय उन्नयन का बैण्ड वेतन+ग्रेड वेतन
1	2	3	4	5
	श्री जयंत प्रताप सिंह जिला समादेष्टा पी०बी०–3+ग्रेड पे–₹5,400	02.05.1997	01.01.2009	पी०बी०–3 (₹15,600–39,100) ग्रेड पे–6,600
2	श्री राणा अमरेन्द्र कुमार 'दीपक' जिला समादेष्टा पी०बी०–3+ग्रेड पे–₹5,400	02.05.1997	01.01.2009	पी०बी०–3 (₹15,600–39,100) ग्रेड पे–6,600
3	श्री अनुज कुमार जिला समादेष्टा पी०बी०–3+ग्रेड पे– ₹5,400	02.05.1997	01.01.2009	पी०बी०–3 (₹ 15,600–39,100) ग्रेड पे–6,600

2. उपरोक्त वित्तीय उन्नयन में मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त है।
3. इस प्रोन्नति से किसी कर्मी का अवक्रमण नहीं होता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
कमल नारायण सिंह, संयुक्त सचिव।

उद्योग विभाग

अधिसूचनाएं
16 सितम्बर 2011

सं० 3/उ0स्था0(उपा०अव०)13/11–4614—श्री विमल कुमार, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, औरंगाबाद को बिहार सेवा संहिता के नियम–227 एवं 248 के अन्तर्गत दिनांक 20 मई 2011 से 18 जून 2011 तक कुल 30 (तीस) दिनों के उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, अवर सचिव।

8 सितम्बर 2011

सं० 3/उ0स्था0(उपा०अव०)04/10–4428–श्री अशोक कुमार, तत्कालीन प्रभारी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, कटिहार सम्प्रति कार्यकारी प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, भागलपुर को बिहार सेवा संहिता के नियम 227 एवं 248 के अन्तर्गत दिनांक 6 अगस्त 2011 से 21 अगस्त 2011 तक कुल 16 (सोलह) दिनों का उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, अवर सचिव।

---

17 अगस्त 2011

सं० 3/उ०स्था०(रूपा०/उपा०अव०)18/10–4048–श्री राकेश नाथ सहाय, सहायक उद्योग निदेशक(कोटि नियंत्रण) सम्प्रति कार्यकारी प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, वैशाली को बिहार सेवा संहिता के नियम 234 एवं 248 के अन्तर्गत 214 दिन अर्द्ध वेतन अवकाश के बदले दिनांक 3 मार्च 2010 से 17 जून 2010 तक कुल 107 (एक सौ सात) दिनों का रूपान्तरित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, अवर सचिव।

---

24 अगस्त 2011

सं० 3/उ०स्था०(उपा०अव०)09/08–4179–श्रीमती विक्टोरिया पूर्ति, प्रभारी उप उद्योग निदेशक, उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना को बिहार सेवा संहिता के नियम 227 एवं 248 के अन्तर्गत दिनांक 10 मई 2011 से 13 जून 2011 तक 35 (पैंतीस) दिनों का उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, अवर सचिव।

---

6 मई 2011

सं० 3/उ0स्था0(उपा०अव०)04/07–2086–श्री श्याम नारायण राम, प्रभारी महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सहरसा को बिहार सेवा संहिता के नियम 227, 228, 230 एवं 248 के अन्तर्गत दिनांक 1 जनवरी 2010 से 15 जनवरी 2010 तक 15(पन्द्रह) दिनों का तथा दिनांक 13 मई 2010 से 15 जुलाई 2010 तक 64 (चौसठ) दिनों का उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, अवर सचिव।

---

30 जून 2011

सं० 3/उ०स्था०(स्था०/पदास्था०) 04/11-3073—श्री बृजनन्दन प्रसाद, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पूर्वी चम्पारण (मोतिहारी) को स्थानान्तरित करते हुये उप–निदेशक (तकनीकी) के रूप में तकनीकी विकास निदेशालय, बिहार, पटना में पदस्थापित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, अवर सचिव।

---

29 जून 2011

1. सं० 3/उ०स्था०(मुकदमा अवमानना) 01/07–3047—श्री चन्द्रगुप्त प्रसाद सिन्हा, नव प्रोन्नत परियोजना प्रबंधक सम्प्रति हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय की सुदृढ़ीकरण योजना, दरभंगा को परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मुंगेर के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

2. सं० 3/उ०स्था०(मुकदमा अवमानना) 01/07–3048—श्री कमलेश्वरी प्रसाद सिंह, नव प्रोन्नत परियोजना प्रबंधक सम्प्रति केन्द्रीय डिजाईन केन्द्र, राजेन्द्रनगर, पटना को सहायक निदेशक(तकनीकी), तकनीकी विकास निदेशालय, पटना के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

3. सं० 3/उ०स्था०(मुकदमा अवमानना) 01/07–3049—श्री अर्जुन प्रसाद, नव प्रोन्नत परियोजना प्रबंधक सम्प्रति केन्द्रीय डिजाईन केन्द्र, राजेन्द्रनगर, पटना को परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, पटना के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

4. सं० 3/उ०स्था०(मुकदमा अवमानना) 01/07–3050—श्री केशरी कुमार मिश्र, नव प्रोन्नत परियोजना प्रबंधक सम्प्रति बुनकर प्रशिक्षण केन्द्र, काको, जहानाबाद को परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मुजफ्फरपुर के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

5. सं० **3/उ०स्था०(मुकदमा अवमानना) 01/07**—3051—श्री राजेन्द्र प्रसाद, नव प्रोन्नत परियोजना प्रबंधक सम्प्रति हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय के सुदृढ़ीकरण योजना, औरंगाबाद को परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, नवादा के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

6. सं० 3/उ०स्था०(मुकदमा अवमानना) 01/07—3052—श्री शत्रुध्न प्रसाद सिंहा, नव प्रोन्नत परियोजना प्रबंधक सम्प्रति केन्द्रीय डिजाईन केन्द्र, राजेन्द्रनगर, पटना को परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, गया के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

7. सं० 3/उ०स्था०(मुकदमा अवमानना) 01/07—3053—श्री सत्येन्द्र कुमार, नव प्रोन्नत परियोजना प्रबंधक सम्प्रति बिहार रेशम एवं वस्त्र संस्थान, भागलपुर को परियोजना प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जमुई के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०) अस्पष्ट, अवर सचिव।

---

29 जून 2011

1. सं० 3/उ०स्था०(उ०से०सं०प्रो०)19/07–I-3054—श्री श्याम बिहारी गुप्ता, नव प्रोन्नत कार्यकारी प्रबंधक सम्प्रति सहायक उद्योग निदेशक(रेशम), भागलपुर प्रमंडल, भागलपुर को स्थानान्तरित करते हुये प्रभारी प्राचार्य, बिहार रेशम एवं वस्त्र संस्थान, भागलपुर के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

2. सं० 3/उ०स्था०(उ०से०सं०प्रो०)19/07–I-3055—श्री कमलेश कुमार सिंह, नव प्रोन्नत कार्यकारी प्रबंधक सम्प्रति सहायक उद्योग निदेशक(कोटि नियंत्रण) को स्थानान्तरित करते हुये कार्यकारी प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जमुई के पद पर पदस्थापित किया जाता है। श्री सिंह, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, जमुई के प्रभार में अगले आदेश तक रहेंगे। विभागीय अधिसूचना संख्या 3222, दिनांक 24 अगस्त 2010 को विलोपित किया जाता है।

3. सं० 3/उ०स्था०(उ०से०सं०प्रो०)19/07–I-3056—श्री राकेश नाथ सहाय, नव प्रोन्नत कार्यकारी प्रबंधक सम्प्रति सहायक उद्योग निदेशक(कोटि नियंत्रण), भागलपुर को स्थानान्तरित करते हुये कार्यकारी प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, वैशाली के पद पर पदस्थापित किया जाता है।

4. सं० 3/उ०स्था०(उ०से०सं०प्रो०)19/07–I-3057—श्री कीर्ति नारायण गिरी, नव प्रोन्नत कार्यकारी प्रबंधक सम्प्रति सहायक उद्योग निदेशक(कोटि नियंत्रण), मुजफ्फरपुर को स्थानान्तरित करते हुये कार्यकारी प्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मधुबनी के पद पर पदस्थापित किया जाता है। श्री गिरी, महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, मधुबनी के प्रभार में अगले आदेश तक रहेंगे। विभागीय अधिसूचना संख्या 3220 दिनांक 24 अगस्त 2010 को विलोपित किया जाता है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, अवर सचिव।

---

2 अगस्त 2011

सं० 3/उ0स्था0(उपा०अव०)02/11–3775—श्री दयानाथ झा, प्रचार–प्रसार पदाधिकारी, हस्तकरघा एवं रेशम निदेशालय, बिहार, पटना को बिहार सेवा संहिता के नियम 227 एवं 248 के अन्तर्गत दिनांक 26 नवम्बर 2010 से 12 दिसम्बर 2010 तक तथा दिनांक 12 मार्च 2011 से 17 अप्रील 2011 तक कुल 54 (चौवन) दिनों का उपार्जित अवकाश की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बिहार–राज्यपाल के आदेश से,
(ह०)–अस्पष्ट, अवर सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट, 29—571+250-डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

भाग-2

बिहार-राज्यपाल और कार्याध्यक्षों द्वारा निकाले गये विनियम, आदेश, अधिसूचनाएं और नियम आदि।

गृह (विशेष) विभाग

अधिसूचना

22 सितम्बर 2011

सं० जी०/विविध–14/2005–13950——बिहार राज्य के अन्तर्गत निजी सुरक्षा अभिकरण के विनियमन हेतु निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 (भारत सरकार का अधिनियम 29, 2005) की धारा 25 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार सरकार निम्नलिखित नियम बनाती है :–

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ ।–(1) यह नियमावली बिहार निजी सुरक्षा अभिकरण नियमावली 2011 कहलाएगी।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होगी।

2. परिभाषा ।–जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो इन नियमों में :

(क) ''अधिनियम'' से अभिप्रेत है निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम–2005;

(ख) ''अभिकरण'' से अभिप्रेत है निजी सुरक्षा अभिकरण;

(ग) ''नियंत्री पदाधिकारी'' से अभिप्रेत है इस अधिनियम के अधीन घोषित नियंत्री पदाधिकारी;

(घ) ''फारम'' से अभिप्रेत है इस नियमावली के संलग्न फारम;

(ड़) ''अनुज्ञप्ति'' (लाइसेंस) से अभिप्रेत है इस अधिनियम के अधीन प्रदत्त अनुज्ञप्ति;

(च) इस नियमावली में अपरिभाषित लेकिन अधिनियम में परिभाषित शब्दों एवं अभिव्यक्तियों के वहीं अर्थ होंगे जो इस अधिनियम में उनके लिए क्रमशः नियत हैं।

3. नियंत्री प्राधिकार।–निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा–3 द्वारा प्रदत्त अधिकार के आलोक में बिहार निजी सुरक्षा अभिकरण नियम 2011 के नियंत्री प्राधिकार संयुक्त सचिव या उनसे उच्च स्तर के पदाधिकारी, गृह विभाग होगें।

4. अपीलीय प्राधिकार ।–निजी सुरक्षा अभिकरण (विनियमन) अधिनियम 2005 की धारा–14 के आलोक में नियंत्रक प्राधिकार के आदेश के विरूद्ध अपील प्रधान सचिव/सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना के समक्ष किया जा सकेगा। अपील करने की समयावधि अधिनियम के अन्तर्गत प्रावधानों के अनुसार होगी।

5. आवेदकों के पूर्ववृत्त का सत्यापन :–(1) प्रत्येक आवेदक नियंत्री प्राधिकारी को नई अनुज्ञप्ति जारी करने अथवा अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण के लिए आवेदन करते समय अपने पूर्ववृत्त के सत्यापन हेतु फारम–I संलग्न करेगा। यदि आवेदक कंपनी, फर्म अथवा व्यक्तियों का संघ हो तो प्रत्येक स्वत्वधारी, बहुसंख्यक शेयर–धारक, भागीदार अथवा कम्पनी के निदेशक आवेदन के साथ फारम– I संलग्न करेंगे मानो कि वे भी आवेदक हैं।

(2) आवेदन प्राप्त होने के पश्चात् नियंत्री पदाधिकारी आवेदन के ब्यौरे तथा आवेदक के संबंध में दिए गए विषय वस्तु का यथोचित सत्यापन तथा जांच करेंगे।

(3) नियंत्री प्राधिकारी उस जिला के जिला पुलिस अधीक्षक के अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त करेगा जहाँ निजी सुरक्षा अभिकरण कार्य संचालित करने जा रही हो। इस प्रयोजन के लिए नियंत्री प्राधिकारी जिला पुलिस अधीक्षक को अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन की प्रति सभी अनुलग्नकों सहित भेजेगा ताकि जिला पुलिस अधीक्षक इनका सत्यापन कर अपना प्रतिवेदन भेज सकें।

(4) जिला पुलिस अधीक्षक प्रत्येक व्यक्ति जिसके नाम पूर्ववृत्त का फारम भरा गया है, के पूर्ववृत्त का सत्यापन कराने के साथ–साथ निम्नलिखित सूचना भी प्रस्तुत करेंगे :–

(i) क्या आवेदक अथवा कंपनी ने या तो व्यक्तिगत रूप से अथवा अन्य की भागीदारी में किसी निजी सुरक्षा अभिकरण पूर्व में संचालित किया है, यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा और

(ii) क्या आवेदक को निजी सुरक्षा अभिकरण चलाने हेतु कोई विशेष अर्हता, प्रशिक्षण अथवा अनुभव प्राप्त है, जिससे उसे निजी सुरक्षा अभिकरण चलाने में सुविधा मिल सके।

6. निजी सुरक्षा गार्डों एवं पर्यवेक्षकों के आचरण और पूर्ववृत का सत्यापन।—निजी सुरक्षा अभिकरण का यह कर्तव्य होगा कि किसी सुरक्षागार्ड अथवा पर्यवेक्षक को नियुक्त करने के पूर्व वह निम्नलिखित में से किसी एक अथवा अधिक माध्यम के अनुसार उस व्यक्ति के चरित्र एवं पूर्ववृत्त का जाँच कर संतुष्ट हो ले :–

(क) अभिकरण व्यक्ति के आचरण एवं पूर्ववृत्त का सत्यापन स्वयं करे।

(ख) अभिकरण व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत आचरण एवं पूर्ववृत्त प्रमाण–पत्र पर जो विहित है, निर्भर कर सकेगी, बशर्ते वह विधिमान्य हो और अभिकरण के पास किसी अन्य स्रोत से व्यक्ति के चरित्र व पूर्ववृत्त के संबंध में प्रतिकूल रिपोर्ट नहीं हो।

(ग) जिला पुलिस अधीक्षक अथवा जिला पुलिस अधीक्षक के प्राधिकार के अधीन किसी पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित अथवा समकक्ष अथवा उच्च पद वाले पदाधिकारी से प्राप्त चरित्र तथा पूर्ववृत्त रिपोर्ट पर अभिकरण भरोसा कर सकेगी।

(2) निजी सुरक्षा गार्ड अथवा पर्यवेक्षक के रूप में नियोजित होने अथवा काम पर लगने के लिए इच्छुक व्यक्ति अभिकरण के समक्ष फारम II प्रस्तुत करेगा। यदि व्यक्ति पिछले पाँच वर्षों के दौरान एक से अधिक जिलों में रहा हो तो फारम की संख्या–उतनी होगी जितनी जिलों की संख्या होगी।

(3) अभिकरण भरी गई विशिष्टयों की जाँच स्वयं करेगी अथवा संबंधित जिला पुलिस अधीक्षक को फारम भेजकर करवाएगी।

(4) चरित्र एवं पूर्ववृत्त के सत्यापन हेतु अभिकरण फारम x में जिला पुलिस अधीक्षक को आवेदन करेगी तथा जिला पुलिस अधीक्षक को उक्त सत्यापन हेतु सेवा शुल्क के रूप में 100 रुपये का भुगतान करेगी। यदि व्यक्ति पिछले पाँच वर्षों में एक से अधिक जिलों में रहा हो तो अभिकरण सभी जिलों को शुल्क अदा करेगी।

(5) पुलिस व्यक्ति की पहचान स्थापित करेगी तथा व्यक्ति जिस इलाके में रहने का दावा किया हो अथवा रह रहा हो का दौरा कर तथा इलाके के गणमान्य निवासियों से उसकी पहचान तथा ख्याति का पता लगाकर उसके आचरण और पूर्ववृत्त को सत्यापित करेगी। चरित्र एवं पूर्ववृत्त सत्यापन रिपोर्ट तैयार करने के पूर्व वे संबद्ध पुलिस स्टेशन का अभिलेख तथा जिला पुलिस मुख्यालय के अभिलेखों को भी देख लेंगे। इस रिपोर्ट में चरित्र एवं पूर्ववृत्त से संबंधित फारम में व्यक्ति द्वारा किए गए प्रत्येक दावा पर पुलिस का मंतव्य होगा तथा सत्यापन अवधि में आजीविका के साधन सहित उसके क्रियाकलापों के बारे में सामान्य रिपोर्ट भी होगा। पुलिस विनिर्दिष्टतः यह उल्लेख भी करेगी कि किसी समय उस व्यक्ति के विरुद्ध आपराधिक मामला तो दर्ज नहीं हुआ है अथवा उसे कभी कारावास की सजा से दंडनीय अपराध के लिए सिद्धदोष तो ठहराया नहीं गया है।

(6) पुलिस विनिर्दिष्टतः यह मंतव्य देगी कि निजी सुरक्षा अभिकरण द्वारा सत्यापन किए जानेवाले व्यक्ति को काम पर लेने अथवा नियोजित करने से राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा तो नहीं होगा।

(7) पुलिस प्राधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि चरित्र एवं पूर्ववृत्त फारम प्राप्ति के नब्बे दिन के भीतर उसका सत्यापन रिपोर्ट निर्गत हो जाय।

(8) व्यक्ति के चरित्र एवं पूर्ववृत्त के संबंध में पुलिस का रिपोर्ट गोपनीय कोटि का होगा। यह चरित्र एवं पूर्ववृत्त के संबंध में अनुरोध करने वाली निजी सुरक्षा अभिकरण के अभिहित पदाधिकारी के नाम से संबोधित लिफाफा में भेजी जाएगी।

(9) चरित्र एवं पूर्ववृत्त का सत्यापन रिपोर्ट एक बार निर्गत हो जाने पर तीन वर्षों तक वैध रहेगी।

(10) पुलिस सत्यापन के आधार पर और अपने सत्यापन के आधार पर निजी अभिकरण फारम III में एक चरित्र प्रमाण–पत्र निर्गत करेगी और यदि वह व्यक्ति अभिकरण का कर्मचारी न रह जाए तो भी यह प्रमाण–पत्र निजी अभिकरण द्वारा वापस नहीं ली जाएगी।

(11) अपने निजी सुरक्षागार्डों एवं पर्यवेक्षकों का चरित्र तथा पूर्ववृत्त प्रमाण–पत्र स्वयं देनेवाली निजी सुरक्षा अभिकरण ऐसे चरित्र तथा पूर्ववृत्त प्रमाण–पत्र के लिए उत्तरदायी होगी। यदि बाद में ऐसे निजी सुरक्षा गार्डों एवं निजी पर्यवेक्षकों के आचरण तथा पूर्ववृत्त संदिग्ध पाए जाते हों तो संबंध सुरक्षा अभिकरण की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी, 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा अथवा आपराधिक मुकदमा चलाया जाएगा अथवा उसे दोनों दंड दिया जा सकेगा।

7– प्रशिक्षण ।–(1) नियंत्री प्राधिकारी निजी सुरक्षा गार्डों के प्रशिक्षण के लिए अपेक्षित विस्तृत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम तैयार करेगा। यह प्रशिक्षण कम से कम बीस कार्य दिवसों में न्यूनतम सौ घंटे का कक्षा (क्लास रुम) शिक्षण का तथा साठ घंटे क्षेत्र प्रशिक्षण का होगा। किन्तु भूतपूर्व सैनिकों एवं पूर्व पुलिस कर्मियों को मात्र संक्षिप्त पाठ्यक्रम में ही भाग लेना होगा, जिसमें कम से कम सात दिनों में न्यूनतम चालीस घंटे का कक्षा शिक्षण तथा सोलह घंटे का क्षेत्र प्रशिक्षण होगा।

(2) प्रशिक्षण में निम्नलिखित विषय सम्मिलित होंगे, यथा :–

(क) लोकाचार और सही वर्दी धारण ;

(ख) शारीरिक स्वस्थता प्रशिक्षण;

(ग) शारीरिक सुरक्षा, आस्तियों की सुरक्षा, भवन अथवा अपार्टमेंट की सुरक्षा, व्यक्तिगत सुरक्षा, घरेलू सुरक्षा;

(घ) अग्निशमन;

(ड़) भीड़ नियंत्रण;

(च) परिचय पत्र, पासपोर्ट एवं स्मार्ट कार्ड सहित पहचान–पत्रों की जांच करना;

(छ) अंग्रेजी वर्णमाला तथा अरबी अंकों को पढ़ने और समझने की समर्थता, जिसका उपयोग पहचान–कागजात, सुरक्षा जांच शीट आदि में सामान्यतः होता है;

(ज) उन्नत विस्फोटक साधनों की पहचान;

(झ) प्राथमिक उपचार;

(ट) संकटकालीन प्रतिक्रिया तथा आपदा प्रबंधन;

(ठ) सुरक्षात्मक वाहन चालन (बख्तर बंद वाहन चालक के लिए अनिवार्य तथा अन्य के लिए ऐच्छिक);

(ड) अवर्जित हथियारों और आग्नेयास्त्रों को संभालना एवं उनका प्रचालन (ऐच्छिक);

(ढ) भारतीय दंड संहिता, निजी सुरक्षा का अधिकार, पुलिस थाना में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने की प्रक्रिया, आयुध अधिनियम (केवल प्रवृत्त धाराएं) विस्फोटक अधिनियम (प्रभावी धाराओं) का प्राथमिक ज्ञान;

(ण) पुलिस और सैन्य बलों में रैंक के बैज;

(प) जनता और पुलिस द्वारा उपयोग में लाए जानेवाले विभिन्न प्रकार के आयुधों की पहचान;

(फ) सुरक्षा उपकरणों एवं साधनों का उपयोग (उदाहरणार्थ, सुरक्षा अलार्म और छानबीन करने के उपकरण) और

(ब) नेतृत्व और प्रबंधन (केवल पर्यवेक्षकों के लिए)।

(3) सभी निजी सुरक्षा अभिकरण अपने निजी सुरक्षा गार्डों/पर्यवेक्षकों को उपर्युक्त कंडिका–5 (2) में वर्णित विषयों का प्रशिक्षण दिलाने हेतु सक्षम प्रशिक्षण संस्थान का चयन स्वयं करेंगे एवं उसका नाम तथा पते का उल्लेख फारम–V के कंडिका–14 में करेंगे, परन्तु वह प्रशिक्षण संस्थान, बिहार में ही अवस्थित होने चाहिए।

(4) नियंत्री प्राधिकारी निजी सुरक्षा अभिकरण के आवेदन पत्र में उल्लिखित प्रशिक्षण संस्थान में उपलब्ध प्रशिक्षण सुविधाओं तथा प्रशिक्षण देने की उनकी सक्षमता की जाँच स्वयं या अपने पदाधिकारियों के माध्यम से कराने के उपरान्त संतुष्ट होने के बाद ही अनुज्ञप्ति निर्गत करेगा।

(5) निजी सुरक्षा गार्ड को सक्षम प्राधिकारी द्वारा विहित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक प्राप्त करना होगा। प्रशिक्षण पूरा होने पर प्रत्येक सफल प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण संस्थान अथवा संगठन द्वारा फारम– IV में एक प्रमाण पत्र दिया जाएगा जो तीन वर्ष की अवधि के लिए मान्य होगा।

(6) सक्षम प्राधिकारी समय–समय पर स्वयं अथवा अपने पदाधिकारियों के माध्यम से प्रशिक्षण सुविधाओं का निरीक्षण करेंगे। सामान्यतः ऐसा निरीक्षण हर वर्ष कम से कम दो बार किया जाएगा।

(7) सभी निजी अभिकरण नियंत्री प्राधिकारी को उसके द्वारा विहित रीति से, सफल प्रशिक्षणार्थियों की सूची समर्पित करेंगी।

8. निजी सुरक्षा गार्डों की शारीरिक योग्यता का मानक ।–(1) कोई व्यक्ति निजी सुरक्षा गार्ड में कार्य करने अथवा नियोजित होने का पात्र तभी होगा जब वह यथा विनिर्दिष्ट निम्नलिखित शारीरिक योग्यता के मानकों को पूरा करता हो :–

(i) ऊँचाई 160 से॰ मी॰ (महिला के लिए 150 से॰ मी॰) ऊँचाई तथा वजन की मानक सारणी के अनुसार वजन, छाती 80 से॰ मी॰ फुलाने पर 4 से॰ मी॰ अधिक (महिला के लिए छाती की कोई न्यूनतम माप अपेक्षित नहीं)

(ii) दृष्टिशक्ति–दूर दृष्टि 6/6, निकट दृष्टि 0.6/0.6 शुद्धि के बिना अथवा शुद्धि के साथ, वर्णान्धता से मुक्त, सुरक्षा उपकरण में प्रदर्शित रंग की पहचान करने तथा अंग्रेजी वर्णमाला एवं अरबी अंकों को पढ़ने और समझने में समर्थ हो।

(iii) घुटने की खटखटाहट (संहृत जानुक) एवं सपाट पैर से मुक्त तथा छह मिनट में एक किलोमीटर दौड़ने में समर्थ हो।

(iv) श्रवण शक्ति–दोष मुक्त, आवाज तथा सुरक्षा उपकरणों द्वारा बजे खतरे की घंटी को सुनने एवं प्रतिक्रिया दर्शाने में समर्थ हो।

(v) अभ्यर्थी तलाशी लेने, वस्तुओं का व्यवहार करने तथा आवश्यकता पड़ने पर व्यक्तियों को अवरुद्ध करने के लिए बल प्रयोग करने की दक्षता शक्ति रखता हो।

